# वाणिज्य विभाग आकदमिक लेखा परीक्षण

गोरखपुर 15 फरवरी। आज **महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग का आकदमिक लेखा परीक्षण, राजकीय महाविद्यालय ढाड़ा बुजुर्ग, हाटा, कुशीनगर के वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष डॉ. चैतन्य कुमार** ने सफलतापूर्वक सम्पन्न किया। आकदमिक लेखा परीक्षण का कार्य कर रहे अतिथि ने विभागों के छात्र/छात्राओं से भी बातचीत करके उनकी समस्याये जानने का प्रयास किया। जिसमें उनके पाठ्यक्रम, कक्षाध्यापन, विभाग में उपलब्ध संसाधन, पुस्तकालय एवं विभाग के द्वारा सम्पन्न की जानी वाली विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता इत्यादि पर विस्तार से चर्चा किया। अतिथि विभाग के छात्र/छात्राओं एवं शिक्षकों से पूर्णतः सन्तुष्ट दिखे। डॉ. चैतन्य ने **महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह को रिपोर्ट सौपा,** प्राचार्य डॉ. सिंह व **वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष डॉ. नीरज कुमार सिंह ने** डॉ. चैतन्य के प्रति आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के **आकदमिक लेखा परीक्षण के संयोजक एवं हिन्दी विभाग के अध्यक्ष डॉ. सत्येन्द्र प्रताप सिंह,** डॉ. संजीव सिंह, डॉ. संजय कुमार त्रिपाठी, डॉ. चण्डी प्रसाद पाण्डेय, इत्यादि लोग उपस्थित थे।





